# Daily Current Affairs

Date : 23 February, 2026

UTKARSH CLASSES | CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका


| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | 'भारत की विश्व विरासत : राजस्थान' प्रदर्शनी |
| 2. | राजस्थान में 'विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) – 2026 का अन्तिम प्रकाशन |
| 3. | राजस्थान होमस्टे (पेईंग गेस्ट हाउस) योजना–2026 |
| 4. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. 'गाँव ग्वाळ' योजना<br>2. गेट्स फाउंडेशन का राजस्थान दौरा<br>3. कोटा महोत्सव – 2026<br>4. शहीद सुरेंद्र सिंह तक्षक – प्रतिमा अनावरण<br>5. सूर्यकिरण एरोबैटिक एवं सारंग हेलिकॉप्टर डिस्प्ले<br>6. राजस्थान फुटबॉल एसोसिएशन के नए चेयरमैन - प्रह्लाद फरड़ोदा<br>7. लोक कला संगम-2026 : राजस्थान रै लोकरंग रो उजास<br>8. दादाल गाँव में पुराने संसद भवन के आकार का स्कूल |
| 5. | प्रमोद भगत |
| 6. | ओपन मास्टर्स गेम्स-अबू धाबी, 2026 |
| 7. | 79वीं संतोष ट्रॉफी, 2026 |
| 8. | दक्षिण एशियाई फुटबॉल महासंघ (एसएएफएफ) अंडर-19 महिला चैंपियनशिप, 2026 |
| 9. | पैरा थ्रोबॉल राष्ट्रीय महासंघ कप, 2026 |
| 10. | देविका सिहाग : बैडमिंटन |
| 11. | RBI: लीड बैंक योजना (LBS) में संशोधन |
| 12. | आठ प्रमुख/ कोर उद्योगों का सूचकांक (आधार वर्ष: 2011-12=100) |
| 13. | मिजोरम और अरुणाचल प्रदेश: राज्य स्थापना दिवस |
| 14. | हिंद महासागर नौसेना संगोष्ठी |
| 15. | CTS "कृष्णा" |
| 16. | क्वांटम और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विश्वविद्यालय परिसर |
| 17. | भारत की पहली सेमीकंडक्टर इकाई/ HCL-फॉक्सकॉन संयुक्त उद्यम परियोजना |





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## ‘भारत की विश्व विरासत : राजस्थान’ प्रदर्शनी

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, राष्ट्रीय अभिलेखागार भारत (NAI) ने जयपुर स्थित जवाहर कला केंद्र (JKK) में प्रदर्शनी ‘भारत की विश्व विरासत: राजस्थान’ का आयोजन किया।



## मुख्य बिन्दु:

- **प्रदर्शनी का उद्घाटन :** वी. श्रीनिवास (मुख्य सचिव, राजस्थान) और संजय रस्तोगी (महानिदेशक, राष्ट्रीय अभिलेखागार, भारत) द्वारा।
- **आयोजन :** 22 फरवरी से 03 मार्च, 2026 तक।
- राष्ट्रीय अभिलेखागार में संरक्षित दुर्लभ दस्तावेजों, चयनित दृश्यों और व्याख्यात्मक विवरणों को प्रदर्शनी के माध्यम से दर्शाया गया है।
- **प्रदर्शनी का मूल तत्त्व :** यूनेस्को द्वारा सूचीबद्ध राजस्थान के पहाड़ी दुर्ग—चित्तौड़गढ़, कुम्भलगढ़, रणथंभौर, आमेर, जैसलमेर और गागरोन रहे, जो राजपूत शौर्य, सामरिक कौशल और स्थापत्य उत्कृष्टता के प्रतीक हैं। इसके अतिरिक्त जंतर-मंतर तथा जयपुर का ऐतिहासिक नगर भी प्रदर्शनी में प्रमुखता से शामिल किए गए, जो भारत की वैज्ञानिक उपलब्धियों और सुविचारित शहरी नियोजन परंपरा को प्रतिबिंबित करते हैं।
- प्रदर्शनी में महाराणा प्रताप का अदम्य साहस और स्वाभिमान, राणा कुम्भा की स्थापत्य दृष्टि एवं दूरदर्शी नेतृत्व, रानी पद्मिनी की अस्मिता और आत्मगौरव तथा मीराबाई की भक्ति परंपरा एवं अध्यात्म को भी प्रदर्शित किया गया।

### फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:

### राजस्थान में स्थित विश्व धरोहर स्थल:

- यूनेस्को ने वर्ष 2013 में कंबोडिया के नोम पेन्ह में आयोजित 37वें सत्र के दौरान राजस्थान के 6 पहाड़ी किलों को सामूहिक रूप से 'विश्व धरोहर स्थल' घोषित किया था।
- **6 पहाड़ी किले:** चित्तौड़गढ़ दुर्ग (चित्तौड़गढ़), कुंभलगढ़ दुर्ग (राजसमंद), रणथंभौर दुर्ग (सवाई माधोपुर), गागरोन दुर्ग (झालावाड़), आमेर दुर्ग (जयपुर) और सोनार दुर्ग (जैसलमेर)।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **जयपुर शहर (परकोटा) : अज़रबैजान की राजधानी बाकू में आयोजित विश्व धरोहर समिति के 43वें सत्र के दौरान यूनेस्को ने जयपुर के ऐतिहासिक चारदीवारी वाले शहर (Walled City) को 6 जुलाई, 2019 को विश्व धरोहर सूची में शामिल किया।**
- **जंतर-मंतर (जयपुर) : जयपुर शहर के संस्थापक सवाई जय सिंह द्वारा निर्मित जंतर-मंतर वर्ष 2010 में यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल घोषित।**
- **केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान : भरतपुर में स्थित केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान पक्षी विविधता के कारण वर्ष 1985 में यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल घोषित।**
- **कालबेलिया नृत्य : वर्ष 2010 से यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत (Intangible Cultural Heritage) सूची में शामिल।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान में ‘विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) – 2026 का अन्तिम प्रकाशन

## चर्चा में क्यों?

- 21 फरवरी, 2026 को भारत निर्वाचन आयोग (ECI) द्वारा राजस्थान में 199 विधानसभा (अन्ता विधानसभा को छोड़कर) क्षेत्रों की मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) – 2026 का अंतिम प्रकाशन प्रकाशित किया गया।

## मुख्य बिन्दु:

- भारत निर्वाचन आयोग (ECI) द्वारा राजस्थान में 28 अक्टूबर, 2025 से 7 फरवरी, 2026 तक ‘विशेष गहन पुनरीक्षण (Special Intensive Revision - SIR)’ की प्रक्रिया संचालित की गई।
- **विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) :** भारत निर्वाचन आयोग (ECI) का विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) मतदाता सूचियों को अद्यतन करने की एक प्रक्रिया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे सटीक और त्रुटिरहित हों। यह अभ्यास यह सुनिश्चित करने के लिए किया जाता है कि कोई भी योग्य मतदाता छूट न जाए और कोई भी अयोग्य व्यक्ति सूची में शामिल न हो।
- **मतदाताओं की वृद्धि :** प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद अन्तिम प्रकाशन में 10,48,605 मतदाताओं की वृद्धि हुई है, जो 2.08 प्रतिशत है।
- **सर्वाधिक मतदाता :** जयपुर में 3.45 प्रतिशत (सर्वाधिक), फलौदी में 3.22 प्रतिशत, भरतपुर में 2.78 प्रतिशत, सिरोही में 2.72 प्रतिशत व बूँदी में 2.71 प्रतिशत कुल मतदाताओं में वृद्धि हुई है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **लिंगानुपात :** अन्तिम प्रकाशन में लिंगानुपात में 2 अंकों की वृद्धि हुई है, जो प्रारूप प्रकाशन के समय 909 से अन्तिम प्रकाशन के समय 911 हो गया है। जयपुर में 7 अंक (सर्वाधिक), कोटा में 6 अंक, अजमेर, सिरोही, डूँगरपुर, बूँदी, झालावाड़ और बाराँ में 4 अंक की वृद्धि हुई है।
- **युवा मतदाता :** प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद अन्तिम प्रकाशन में युवा मतदाताओं (18 से 19 वर्ष आयु वर्ग) की संख्या में 4,35,061 की वृद्धि हुई है, जो 0.82 प्रतिशत है। जयपुर में 1.30 प्रतिशत (सर्वाधिक), बाड़मेर में 1.26 प्रतिशत, भरतपुर में 1.22 प्रतिशत, फलौदी में 1.18 प्रतिशत तथा बूँदी में 1.09 प्रतिशत युवा मतदाताओं की संख्या में वृद्धि हुई है।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:**


- **ज्ञानेश कुमार :** 19 फरवरी, 2025 को भारत के 26वें मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में कार्यभार संभाला। वे भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1988 बैच के केरल कैडर के अधिकारी हैं।
- **डॉ. सुखबीर सिंह संधू :** 15 मार्च, 2024 को भारतीय निर्वाचन आयोग में चुनाव आयुक्त के रूप में शामिल हुए। वे उत्तराखंड कैडर से 1988 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।
- **डॉ. विवेक जोशी :** 19 फरवरी, 2025 को भारतीय निर्वाचन आयोग में चुनाव आयुक्त के रूप में शामिल हुए। वे हरियाणा कैडर से 1989 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।
- **राजस्थान के मुख्य निर्वाचन आयुक्त :** राजेश्वर सिंह।
- **मुख्य निर्वाचन अधिकारी (राजस्थान) :** नवीन महाजन।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान होमस्टे (पेईंग गेस्ट हाउस) योजना–2026

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, राजस्थान सरकार द्वारा 'राजस्थान होमस्टे (पेईंग गेस्ट हाउस) योजना–2026' को लागू किए जाने की घोषणा की गई।





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## मुख्य बिन्दु:

- **योजना का संबंधित विभाग :** राजस्थान पर्यटन विभाग।
- यह योजना राज्य में 'ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस' और 'ईज ऑफ लिविंग' की अवधारणा को सशक्त करेगी। साथ ही, पर्यटन क्षेत्र को भी बढ़ावा देगी।
- **उद्देश्य :** पर्यटन-विकास, ग्रामीण आय-वृद्धि और स्वरोज़गार को बढ़ावा देना।
- योजना को केंद्र सरकार के डिरेगुलेशन 2.0 उपायों और ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस की भावना के अनुरूप सरलीकृत किया गया है।

### योजना की मुख्य विशेषताएं और शर्तें:

- 'राजस्थान होमस्टे (पेईंग गेस्ट हाउस) योजना–2026' के तहत प्रति आवासीय इकाई अनुमत कमरों की अधिकतम संख्या 5 से बढ़ाकर 8 कर दी गई है, जबकि अधिकतम बैड क्षमता 24 निर्धारित की गई है।
- योजना के तहत होमस्टे इकाई का संचालन संपत्ति स्वामी, लीजधारी या निर्धारित मानकों के अनुसार नियुक्त केयरटेकर द्वारा किया जा सकेगा।
- योजना के अंतर्गत होमस्टे को सिल्वर और गोल्ड श्रेणी में वर्गीकृत किया गया है। सिल्वर श्रेणी के लिए पंजीकरण शुल्क ₹1000 और गोल्ड श्रेणी के लिए ₹2000 निर्धारित है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **'गाँव ग्वाळ' योजना**<br>■ हाल ही में, राजस्थान के शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर द्वारा रामगंजमंडी विधानसभा के खेड़ली गाँव (चेचट) से 'गाँव ग्वाळ' योजना का शुभारंभ किया गया।<br>■ यह योजना मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में गोवंश (गायों) के संरक्षण, गोचर भूमि के पुनरुद्धार और रोजगार सृजन के लिए शुरू की गई है।<br>■ योजना के तहत नियुक्त ग्वाले को सरकार की ओर से ₹10,000 प्रति माह का मानदेय दिया जाएगा। |
| 2. | **गेट्स फाउंडेशन का राजस्थान दौरा**<br>■ हाल ही में, गेट्स फाउंडेशन के उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने तिजारा ब्लॉक के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बुरहेड़ा का दौरा किया।<br>■ भ्रमण के दौरान गेट्स फाउंडेशन ने राजस्थान में संचालित AI आधारित ओरल रीडिंग फ्लूएंसी (ORF) मूल्यांकन प्रक्रिया का अवलोकन किया। ज्ञातव्य है कि यह मूल्यांकन 'प्रखर राजस्थान 2.0' के अंतर्गत पठन कौशल के सटीक आकलन और सीखने के स्तर में सुधार हेतु लागू किया गया है। |
| 3. | **कोटा महोत्सव – 2026**<br>■ **आयोजन :** 21 और 22 फरवरी, 2026<br>■ **आयोजक :** जिला प्रशासन और राजस्थान पर्यटन विभाग।<br>■ **हेरिटेज वॉक :** ऐतिहासिक मथुराधीश मंदिर से गढ़ पैलेस और रामपुरा कोतवाली तक हेरिटेज वॉक का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने किया। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 4. | **शहीद सुरेंद्र सिंह तक्षक – प्रतिमा अनावरण**<br>■ हाल ही में, केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव और राज्य नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने खैरथल-तिजारा के जाट बहरोड़ गाँव में शहीद सुरेंद्र सिंह तक्षक की प्रतिमा का अनावरण किया। |
| 5. | **सूर्यकिरण एरोबैटिक एवं सारंग हेलिकॉप्टर डिस्प्ले**<br>■ 22 फरवरी, 2026 को जयपुर के जल महल (मानसागर झील) की पाल पर भारतीय वायुसेना (IAF) की सूर्यकिरण एरोबैटिक टीम और सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम का एयर शो आयोजित किया गया।<br>■ भारतीय वायुसेना के एम्बेसडर्स सूर्यकिरण एरोबैटिक टीम के तीन पायलट विंग कमांडर राजेश काजला, विंग कमांडर अंकित वशिष्ठ और स्क्वॉड्रन लीडर संजेश सिंह जयपुर निवासी हैं।<br>■ **सूर्यकिरण एरोबैटिक टीम (SKAT) :** 9 हॉक Mk-132 एडवांस जेट विमानों के साथ 'तेजस फॉर्मेशन', लूप, बैरल रोल और 'हार्ट' और 'DNA' जैसी संरचनाएँ बनाईं।<br>■ **सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम :** 5 स्वदेशी 'ध्रुव' एडवांस लाइट हेलीकॉप्टरों (ALH) के साथ 'डॉलफिन लीप', 'क्रॉस-ओवर' और भारत का प्रतीक 'I' फॉर्मेशन प्रदर्शित किया। |
| 6. | **राजस्थान फुटबॉल एसोसिएशन के नए चेयरमैन - प्रह्लाद फरड़ोदा**<br>■ हाल ही में, सरदार क्लब, जोधपुर में आयोजित राजस्थान फुटबॉल ऐसोसिएशन की बैठक के दौरान प्रह्लाद फरड़ोदा को राजस्थान फुटबॉल एसोसिएशन का नया चेयरमैन नियुक्त किया गया।<br>■ प्रह्लाद फरड़ोदा ने मानवेन्द्र सिंह जसोल का स्थान लिया। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 7. | **लोक कला संगम-2026 : राजस्थान रै लोकरंग रो उजास**<br>■ **आयोजन :** 20 से 22 फरवरी, 2026 तक।<br>■ **आयोजन स्थल :** शिल्पग्राम, जवाहर कला केंद्र, जयपुर।<br>■ **आयोजक :** संस्कार भारती (जयपुर प्रान्त) और कला एवं संस्कृति विभाग, राजस्थान सरकार।<br>■ **उद्देश्य :** वैश्वीकरण के दौर में पीछे छूटती प्रदेश की पारंपरिक लोक कलाओं को पुनर्जीवित करना और स्थानीय कलाकारों को एक सशक्त मंच प्रदान करना।<br>■ **मुख्य विषय :** राजस्थान रै लोकरंग रो उजास। |
| 8. | **दादाल गाँव में पुराने संसद भवन के आकार का स्कूल**<br>■ जालौर के दादाल गाँव (सायला उपखंड) में अमेरिका में रहने वाले डॉक्टर अशोक जैन ने पुराने संसद भवन के आकार का स्कूल बनवाया।<br>■ ₹7 करोड़ रुपये की लागत से बनी इस इमारत में 22 क्लासरूम, डिजिटल बोर्ड, साइंस और कंप्यूटर लैब और खेल के मैदान जैसी आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध हैं। |

CIVIL SERVICES



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## प्रमोद भगत

**मुख्य बिन्दु:**

- बहरीन में आयोजित विश्व पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप, 2026 में पुरुषों के S.L-3 वर्ग में प्रमोद भगत ने स्वर्ण पदक हासिल किया।



- **फाइनल:** प्रमोद ने मोहम्मद अल इमरान को हराकर विश्व चैंपियनशिप में लगातार चौथा सिंगल्स स्वर्ण पदक जीता।
- **कुल विश्व खिताब:** प्रमोद के नाम अब कुल छह विश्व खिताब हो गए हैं। प्रमोद, चीन के लिन डैन को पछाड़ते हुए पुरुष सिंगल्स बैडमिंटन के इतिहास में सबसे सफल खिलाड़ी बन गए हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ओपन मास्टर्स गेम्स-अबू धाबी, 2026

## मुख्य बिन्दु:

- भारतीय एथलीटों ने ओपन मास्टर्स गेम्स-अबू धाबी, 2026 में पुरुष हैमर थ्रो में किशोरकुमार चंदीरा मोगन ने स्वर्ण पदक और वेटरन एथलेटिक्स में मोहम्मद अंसार ने कांस्य पदक जीता है।

- **किशोरकुमार:** 37.92 मीटर के हैमर थ्रो के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया।
- **मोहम्मद अंसार:** अंतरराष्ट्रीय वेटरन एथलेटिक्स प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल किया।
- यह प्रतियोगिता अबू धाबी में आयोजित ओपन मास्टर्स गेम्स का ही हिस्सा है, जो पश्चिम एशिया में आयोजित होने वाला पहला प्रमुख बहु-खेल आयोजन है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# 79वीं संतोष ट्रॉफी, 2026

## मुख्य बिन्दु:

- **असम के ढाकुआखाना स्टेडियम में सर्विसेज ने केरल को 1-0 से हराकर 79वीं नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप संतोष ट्रॉफी जीत ली। यह सर्विसेज का आठवां संतोष ट्रॉफी खिताब है।**





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# दक्षिण एशियाई फुटबॉल महासंघ (एसएएफएफ) अंडर-19 महिला चैंपियनशिप, 2026

## मुख्य बिन्दु:

- फुटबॉल में, भारत ने नेपाल के पोखरा रंगशाला स्टेडियम में खेले गए दक्षिण एशियाई फुटबॉल महासंघ (एसएएफएफ) अंडर-19 महिला चैंपियनशिप के फाइनल में बांग्लादेश को 4-0 से हराकर खिताब जीत लिया।






उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पैरा थ्रोबॉल राष्ट्रीय महासंघ कप, 2026

## मुख्य बिन्दु:

- **महिला टीम:** राजस्थान के झुंझुनू में, पैरा थ्रोबॉल राष्ट्रीय महासंघ कप, 2026 के फाइनल में झारखंड की महिला टीम ने मेजबान राजस्थान को हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया है।
- **पुरुष टीम:** पुरुष वर्ग में आंध्र प्रदेश को स्वर्ण, तेलंगाना को रजत जबकि हरियाणा ने कांस्य पदक जीता। झारखंड की टीम चौथे स्थान पर रही।





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# देविका सिहाग : बैडमिंटन

**मुख्य बिन्दु:**

- **भारत की बैडमिंटन खिलाड़ी देविका सिहाग ने थाईलैंड मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला सिंग्लस का खिताब जीता।**
- **फाइनल: मलेशिया की गोह जिन वेई को हराकर देविका ने पहला BWF सुपर 300 खिताब जीता।**

  **संबंध: हरियाणा**
- **गत उपलब्धियाँ: उन्होंने अगस्त, 2025 में मलेशिया इंटरनेशनल में अपना पहला अंतरराष्ट्रीय खिताब जीता था। इसके बाद उन्होंने वर्ष 2025 में विश्व विश्वविद्यालय खेलों में भारत की मिक्स्ड टीम को कांस्य पदक दिलाने में अहम योगदान दिया।**







उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# आर्थिक घटनाक्रम

## RBI: लीड बैंक योजना (LBS) में संशोधन

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने लीड बैंक योजना (LBS) में संशोधन के लिए मसौदा दिशानिर्देश जारी किए।




### मुख्य बिन्दु:

- **संशोधन का उद्देश्य व आवश्यकता:** बैंकों, सरकारी निकायों और विकास एजेंसियों के मध्य बेहतर समन्वय के लिए राज्य स्तरीय बैंकर समितियों (SLBC) और लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर (LDM) कार्यालयों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **संशोधन:** बैंकों को क्रेडिट-डिपॉजिट (CD) अनुपात की निगरानी करनी चाहिए, जिसके लिए देशभर में ग्रामीण और अर्ध-शहरी शाखाओं में 60% का मसौदा मानक निर्धारित किया गया है।

**लीड बैंक योजना:**

- **परिचय:** लीड बैंक योजना एक ऐसी योजना है जिसका उद्देश्य 'सेवा क्षेत्र दृष्टिकोण' (सामाजिक बैंकिंग) के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त बैंकिंग और ऋण उपलब्ध कराना (वित्तीय समावेशन) है, जिसमें प्रत्येक क्षेत्र के लिए एक बैंक निर्धारित किया जाता है।
- **उद्देश्य:** जिलों में समन्वित बैंकिंग पहुंच और प्राथमिकता वाले क्षेत्रों (कृषि, लघु एवं मध्यम उद्यम, कमजोर वर्ग) को बैंक ऋण का प्रवाह बढ़ाना; प्रत्येक जिले के लिए एक बैंक को "लीड बैंक" के रूप में नामित करना।
- **उत्पत्ति:** इसकी उत्पत्ति वर्ष 1969 की दो समितियों की सिफारिशों से हुई: गाडगिल अध्ययन समूह (जिसने "क्षेत्रीय दृष्टिकोण" की वकालत की) और नरिमन समिति (जिसने इसका समर्थन किया और बैंकों को विशिष्ट जिलों को अपनाने की सिफारिश की)।
- **शुरुआत:** भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा दिसंबर, 1969 में लीड बैंक योजना प्रारंभ की गई।
- **प्रमुख विशेषताएँ:**
  - **ऋण योजनाओं के प्रदर्शन की निगरानी करना:**

| ब्लॉक स्तर पर | ब्लॉक स्तरीय बैंकर समिति (BLBC) |
|---|---|
| जिला स्तर पर | जिला परामर्श समिति (DCC) और जिला स्तरीय समीक्षा समिति (DLRC) |
| राज्य स्तर पर | राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (SLBC) |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **लीड बैंक:** RBI द्वारा प्रत्येक जिले के लिए एक वाणिज्यिक बैंक (आमतौर पर सार्वजनिक क्षेत्र का) को लीड बैंक के रूप में नामित किया जाता है।
- **लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर (LDM):** लीड बैंक का एक समर्पित अधिकारी कार्यान्वयन की देखरेख करता है।
- **सेवा क्षेत्र दृष्टिकोण (SAA):** अप्रैल, 1989 में शुरू जिसने नियोजित विकास सुनिश्चित करने, अतिव्यापीकरण को रोकने और ऋण देने में अपर्याप्त कवरेज से बचने के लिए प्रत्येक बैंक शाखा को गांवों के विशिष्ट समूह (प्रति शाखा 15-25) आवंटित किए।


UTKARSH CIVIL SERVICES


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# आठ प्रमुख/ कोर उद्योगों का सूचकांक (आधार वर्ष: 2011-12=100)

## चर्चा में क्यों?

- जनवरी, 2026 में आठ प्रमुख उद्योगों (ICI) का संयुक्त सूचकांक जनवरी, 2025 के सूचकांक की तुलना में 4.0 प्रतिशत (अस्थायी) बढ़ा। जनवरी, 2026 में सीमेंट, इस्पात, बिजली, उर्वरक और कोयले के उत्पादन में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई।





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## मुख्य बिन्दु:

- औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP) कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली सहित आठ प्रमुख उद्योगों के संयुक्त और व्यक्तिगत उत्पादन प्रदर्शन का मापन करता है।
- यह आठ प्रमुख उद्योग औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP) में शामिल वस्तुओं के भार का 40.27 प्रतिशत हिस्सा हैं।

**आठ प्रमुख उद्योगों के सूचकांक का सारांश इस प्रकार है:**

1. **कोयला:** जनवरी, 2026 में कोयले का उत्पादन (भार: 10.33 प्रतिशत) में जनवरी, 2025 की तुलना में 3.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई।
2. **कच्चा तेल:** कच्चे तेल का उत्पादन (भार: 8.98 प्रतिशत) जनवरी, 2026 में जनवरी, 2025 की तुलना में 5.8 प्रतिशत कम हो गया।
3. **प्राकृतिक गैस:** प्राकृतिक गैस उत्पादन (भार: 6.88 प्रतिशत) में जनवरी, 2026 में जनवरी, 2025 की तुलना में 5.0 प्रतिशत की गिरावट आई।
4. **पेट्रोलियम रिफाइनरी उत्पाद:** जनवरी, 2026 में पेट्रोलियम रिफाइनरी उत्पादन (भार: 28.04 प्रतिशत) जनवरी, 2025 के सूचकांक की तुलना में 147.2 (अस्थायी) पर अपरिवर्तित रहा।
5. **उर्वरक:** उर्वरक उत्पादन (भार: 2.63 प्रतिशत) में जनवरी, 2026 में जनवरी, 2025 की तुलना में 3.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई।
6. **इस्पात:** इस्पात उत्पादन (भार: 17.92 प्रतिशत) में जनवरी, 2026 में जनवरी, 2025 की तुलना में 9.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई।
7. **सीमेंट:** जनवरी, 2026 में सीमेंट उत्पादन (भार: 5.37 प्रतिशत) में जनवरी, 2025 की तुलना में 10.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई।
8. **बिजली:** जनवरी, 2026 में बिजली उत्पादन (भार: 19.85 प्रतिशत) में जनवरी, 2025 की तुलना में 3.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:

- **औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP):** इस सूचकांक द्वारा भारत में खनन, विद्युत और विनिर्माण जैसे प्रमुख आर्थिक क्षेत्रों में उत्पादन की मात्रा में हुए अल्पकालिक परिवर्तनों को मापा जाता है।
- इसे केंद्रीय सांख्यिकी संगठन (CSO) द्वारा मासिक रूप से जारी किया जाता है।
- इसमें आधार वर्ष (2011-2012) की तुलना में उत्पादन में हुए परिवर्तन को दर्शाया जाता है।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# भारतीय शासन एवं राजव्यवस्था

## मिजोरम और अरुणाचल प्रदेश: राज्य स्थापना दिवस

### चर्चा में क्यों?

- 20 फरवरी, 2026 को पूर्वोत्तर राज्य अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम ने अपना 40वाँ स्थापना दिवस मनाया। जो 20 फरवरी, 1987 को दोनों राज्यों को पूर्ण राज्य का दर्जा दिए जाने का प्रतीक है।





उत्कर्ष Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## मुख्य बिन्दु:

| बिन्दु | मिजोरम | अरुणाचल प्रदेश |
|---|---|---|
| **परिचय** | भारत सरकार और मिज़ो नेशनल फ्रंट के मध्य हस्ताक्षरित मिज़ोरम शांति समझौते (जून, 1986) के बाद, मिज़ोरम 20 फरवरी,1987 को भारतीय संघ का 23 वां राज्य बना। | अरुणाचल प्रदेश को 20 फरवरी, 1987 को 24 वें राज्य के रूप में राज्य का दर्जा प्रदान किया गया। इससे पहले इसे वर्ष 1972 तक उत्तर-पूर्वी सीमांत एजेंसी (NEFA) के नाम से जाना जाता था।<br>जनवरी, 1972 को इसे केंद्र शासित प्रदेश बनाया गया और इसका नाम बदलकर 'अरुणाचल प्रदेश' किया गया। |
| **राज्य का दर्जा** | 53वाँ संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 1986 द्वारा राज्य का दर्जा। | 55वाँ संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 1986 द्वारा राज्य का दर्जा। |
| **ऐतिहासिक विकास** | मूल रूप से असम के लुशाई हिल्स जिले के रूप में जाना जाता था और वर्ष 1954 में इसका नाम बदलकर मिजो हिल्स कर दिया गया।<br>वर्ष 1972 में इसे केंद्र शासित प्रदेश घोषित किया गया। | अरुणाचल प्रदेश का आधुनिक इतिहास प्रथम एंग्लो-बर्मा युद्ध (1824 से 1826) के बाद यंदबू संधि (वर्ष 1826) के तहत् ब्रिटिश नियंत्रण से शुरू हुआ और वर्ष 1914 की शिमला संधि ने तिब्बत और NEFA ( मैकमोहन रेखा) के मध्य सीमा का निर्धारण किया।<br>वर्ष 1962 तक, अरुणाचल प्रदेश असम के संवैधानिक अधिकार क्षेत्र में रहा। |
| **संवैधानिक संरक्षण** | भारत के संविधान की छठी अनुसूची [अनुच्छेद; 244(2)] के तहत् "आदिवासी क्षेत्र" के रूप में मान्यता दी गई है।<br>भारतीय संविधान का अनुच्छेद 371-G मिजोरम को विशेष दर्जा प्रदान करता है। | संविधान के अनुच्छेद 371-H के तहत् अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल को कानून-व्यवस्था के मामले में विशेष जिम्मेदारी दी गई है। |
| **अन्य विशेषताएँ** | **राजधानी:** आइज़ोल<br>**मुख्य भाषा:** मिज़ो और अंग्रेज़ी<br>**राज्य पशु:** हिमालयन सीरो<br>**राज्य पक्षी:** बार-टेल्ड तीतर<br>**राज्य वृक्ष:** इंडियन रोज़ चेस्टनट<br>**साक्षरता:** केरल के बाद भारत का दूसरा सबसे अधिक साक्षरता वाला राज्य। | **राजधानी:** ईटानगर<br>**राजकीय भाषा:** अंग्रेज़ी<br>**मुख्य नदियाँ:** ब्रह्मपुत्र, सुबनसिरी, दिबांग और लोहित।<br>**जनजातियाँ:** न्याशी, मोनपा, आपातानी, आदि मिश्मी, गालो और तागिन।<br>**राज्य पशु:** मिथुन/गयाल<br>**राज्य पक्षी:** हॉर्नबिल<br>**राज्य वृक्ष:** होलोंग |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## हिंद महासागर नौसेना संगोष्ठी

### चर्चा में क्यों?

- हिंद महासागर नौसेना संगोष्ठी (IONS) के प्रमुखों का 9वाँ सम्मेलन 20 फरवरी, 2026 को विशाखापत्तनम में आयोजित हुआ।




### मुख्य बिन्दु:


- **हिंद महासागर नौसेना संगोष्ठी (IONS) की अध्यक्षता:** इस संगोष्ठी में भारतीय नौसेना ने रॉयल थाई नौसेना से IONS की अध्यक्षता ग्रहण की। यह 16 वर्षों के बाद इस भूमिका में भारत की वापसी का प्रतीक है। (इससे पूर्व अध्यक्षता: वर्ष 2008 से वर्ष 2010)।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **IONS वेबसाइट का शुभारंभ:** सम्मेलन के दौरान हुए प्रमुख घटनाक्रमों में भारतीय नौसेना द्वारा उन्नत IONS वेबसाइट का शुभारंभ शामिल था, जिसका उद्देश्य उपयोगिता बढ़ाना, संस्थागत निरंतरता सुनिश्चित करना और सदस्य नौसेनाओं के बीच सहभागिता को मजबूत करना था।
- **पर्यवेक्षक देश तथा HADR:** फिलीपींस को पर्यवेक्षक के रूप में शामिल किया गया और ओमान ने HADR से संबंधित IONS कार्य समूह में शामिल होकर IONS के अंतर्गत सहयोगात्मक सहभागिता के दायरे को बढ़ाया।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:**

**हिंद महासागर नौसेना संगोष्ठी (IONS)**





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **परिचय व स्थापना:** हिंद महासागर नौसेना संगोष्ठी (IONS) एक बहुपक्षीय समुद्री मंच है जिसकी स्थापना वर्ष 2008 में हिंद महासागर क्षेत्र के तटीय देशों के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए की गई थी।
- **गतिविधियों का संचालन:** गतिविधियाँ विशिष्ट कार्य समूहों (IWGs) द्वारा संचालित होती हैं, जो उच्च-स्तरीय दिशा-निर्देशों को ठोस पहलों में परिवर्तित करते हैं। वर्तमान में तीन IWG कार्यरत हैं: HADR, समुद्री सुरक्षा (MARSEC), और सूचना साझाकरण एवं अंतरसंचालनीयता (IS&I)। भारत और ईरान HADR और MARSEC के सह-अध्यक्ष हैं, जबकि ऑस्ट्रेलिया और फ्रांस IS&I के सह-अध्यक्ष हैं, जिससे संतुलित उत्तरदायित्व सुनिश्चित होता है।
- **उद्देश्य:** साझा समझ को बढ़ावा देना, क्षमताओं को मजबूत करना, सहयोगात्मक तंत्र स्थापित करना, सिद्धांतों और प्रक्रियाओं में अंतरसंचालनीयता विकसित करना और प्रभावी मानवीय सहायता और आपदा राहत (HADR) को सक्षम बनाना।

**सदस्य:**

- भारत (28 फरवरी, 2015 को सदस्य बना)।
- ऑस्ट्रेलिया, सेशेल्स, बांग्लादेश, सिंगापुर, फ्रांस, इंडोनेशिया, केन्या, ईरान, मलेशिया, मालदीव, मॉरीशस, मोज़ाम्बिक, ओमान, पाकिस्तान, सऊदी अरब, म्यांमार, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, तंजानिया, थाईलैंड, तिमोर लेस्ते, UAE, यूनाइटेड किंगडम और UK
- कतर (29 जून, 2021 को सदस्य बना)


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**मूलभूत सिद्धांत: IONS एक खुले, समावेशी, परामर्शपूर्ण, सहयोगात्मक और सहमतिपूर्ण आधार पर कार्य करता और निम्नलिखित मूलभूत सिद्धांतों का पालन करता:**

1. **समानता:** सभी सदस्यों के साथ समान व्यवहार किया जाएगा।
2. **निर्णय:** सभी मामलों और मुद्दों पर निर्णय सभी सदस्यों के बीच आम सहमति बनाने की प्रक्रिया के माध्यम से लिया जाएगा। निर्णय लेते समय उपस्थित सभी सदस्यों की सहमति आवश्यक होगी।
3. **बहुपक्षवाद:** IONS बहुपक्षीय समाधानों पर ध्यान केंद्रित करेगा।
4. **साझा मूल्य:** सभी सदस्य समानता, सहयोग और पारस्परिक लाभ के सिद्धांतों को स्वीकार करते हैं जिन पर यह चार्टर आधारित है।

- **अध्यक्षता :** आईओएस के अध्यक्ष का पद हर दो वर्ष में सदस्यों के मध्य बारी-बारी से दिया जाएगा और अध्यक्ष के चयन पर आपसी परामर्श के माध्यम से सहमति बनाई जाएगी।

**अध्यक्ष का पद निम्नलिखित भौगोलिक क्रम में बारी-बारी से संभाला जा सकता है:**

(i) दक्षिण एशियाई

(ii) पश्चिम एशियाई

(iii) पूर्वी अफ्रीकी

(iv) दक्षिण-पूर्वी एशियाई और ऑस्ट्रेलियाई तटीय क्षेत्र।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विज्ञान प्रौद्योगिकी

## CTS “कृष्णा”

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, भारतीय नौसेना ने चेन्नई के कट्टुपल्ली स्थित L&T शिपयार्ड में अपना पहला स्वदेशी निर्मित और डिज़ाइन किया गया कैडेट प्रशिक्षण जहाज़ (CTS) 'कृष्णा' लॉन्च किया।




### मुख्य बिन्दु:

- **उद्घाटन:** 16 फरवरी, 2026 को चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (CDS) जनरल अनिल चौहान द्वारा।
- **प्रथम स्वदेशी CTS 'कृष्णा' और अनुबंध:** तीन कैडेट प्रशिक्षण जहाजों के लिए अनुबंध पर रक्षा मंत्रालय और मेसर्स एल एंड टी शिपयार्ड (L&T) के मध्य 7 मार्च, 2023 को हस्ताक्षर किए गए थे तथा CTS 'कृष्णा' भारतीय नौसेना के लिये निर्मित किये जा रहे तीन कैडेट प्रशिक्षण जहाजों में से पहला है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **नामकरण:** कृष्णा नदी के नाम पर (देश की तीसरी सबसे लंबी नदी)।
- **उद्देश्य:** अग्रिम पंक्ति के युद्धपोतों को सक्रिय कर्तव्यों से हटाए बिना, कैडेटों को नौवहन, नाविकता और जहाज संचालन में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने के लिए एक समर्पित वातावरण प्रदान करके नौसेना के प्रशिक्षण बुनियादी ढांचे को मजबूत करना।
- **प्रमुख विशेषताएँ:**
  - इसमें कैडेटों के प्रशिक्षण के लिए एक समर्पित पुल, एक चार्ट हाउस और "वॉच-कीपिंग" अभ्यास के लिए एकीकृत सिमुलेटर शामिल हैं।
  - लगभग 4,700 टन का विस्थापन, 122 मीटर की लंबाई, 20 समुद्री मील की अधिकतम गति और समुद्र में 60 दिनों तक टिकने की क्षमता।
  - इसमें 76 मिमी की नौसैनिक तोप, दो AK-630M क्लोज-इन वेपन सिस्टम (CIWS) और 12.7 मिमी की स्थिर रिमोट-नियंत्रित तोपें लगी हैं।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:**

**सागर मैत्री (SM-5) पहल:**

- रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन की नेवल फिजिकल एंड ओशनोग्राफिक लेबोरेटरी (NPOL) का भारत का समुद्र विज्ञान अनुसंधान पोत INS सागरध्वनि, 17 जनवरी, 2026 को दक्षिणी नौसेना कमान, कोच्चि से सागर मैत्री (SM-5) (MAITRI; मरीन एंड एलाइड इंटरडिसिप्लिनरी ट्रेनिंग एंड रिसर्च इनिशिएटिव) पहल के पांचवें संस्करण के लिए रवाना हुआ।
- सागर मैत्री भारतीय नौसेना और DRDO की प्रमुख सहयोगी पहल है, जो भारत सरकार के 'क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास के लिए आपसी और समग्र उन्नति (MAHASAGAR)' के विजन के अनुरूप है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- सागर मैत्री कार्यक्रम के तहत् INS सागरध्वनि, INS कृष्णा के ऐतिहासिक रास्तों पर फिर से चलेगी, जिसने वर्ष 1962-65 के दौरान अंतरराष्ट्रीय हिंद महासागर अभियान में हिस्सा लिया था।
- इस पहल का उद्देश्य आठ IOR देशों; ओमान, मालदीव, श्रीलंका, थाईलैंड, मलेशिया, सिंगापुर, इंडोनेशिया और म्यांमार के साथ लगातार वैज्ञानिक सहयोग करना है।

### INS सागरध्वनि:

- INS सागरध्वनि विशेष समुद्री ध्वनिक अनुसंधान पोत है, जिसे NPOL ने डिज़ाइन किया है और गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (GRSE) ने बनाया है। जुलाई,1994 में कमीशन किया गया यह जहाज तीन दशकों से अधिक समय से समुद्री अवलोकन और समुद्री अनुसंधान के लिए एक प्रमुख मंच के रूप में काम कर रहा है, जिसने भारत की समुद्री वैज्ञानिक क्षमताओं में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# क्वांटम और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विश्वविद्यालय परिसर

## चर्चा में क्यों?

- इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में, भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (NIELIT) ने 20 फरवरी, 2026 को आंध्र प्रदेश सरकार के साथ अमरावती में भारत का पहला समर्पित क्वांटम और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विश्वविद्यालय परिसर स्थापित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।




## मुख्य बिन्दु:

- NIELIT के डीम्ड-टू-बी यूनिवर्सिटी इकोसिस्टम के अंतर्गत स्थित, अमरावती परिसर भारत का पहला संस्थागत रूप से समर्पित शैक्षणिक केंद्र होगा जो पूरी तरह से क्वांटम और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर केंद्रित होगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**प्रस्तावित परिसर अत्याधुनिक क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करेगा, जिनमें शामिल हैं:**

1. **क्वांटम कंप्यूटिंग और क्वांटम एल्गोरिदम**
2. **कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग**
3. **क्वांटम संचार और साइबर सुरक्षा**
4. **क्वांटम हार्डवेयर और सिस्टम इंजीनियरिंग**
5. **उच्च प्रदर्शन कंप्यूटिंग**
6. **AI-क्वांटम अभिसरण अनुसंधान**

- **राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (NIELIT): भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत एक स्वायत्त वैज्ञानिक संस्था हैं।**
- **NIELIT को शिक्षा मंत्रालय द्वारा विशिष्ट श्रेणी के तहत् "मानित विश्वविद्यालय" का दर्जा दिया गया है, और इसके देशभर में 12 मान्यता प्राप्त परिसर हैं।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# भारत की पहली सेमीकंडक्टर इकाई/ HCL-फॉक्सकॉन संयुक्त उद्यम परियोजना

## चर्चा में क्यों?

- 21 फरवरी, 2026 को प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उत्तर प्रदेश के यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (YEIDA) में HCL-फॉक्सकॉन संयुक्त उद्यम परियोजना-इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड की आधारशिला रखी।
- यह उत्तर भारत की पहली सेमीकंडक्टर निर्माण इकाई हैं।
- साथ ही नमो भारत रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (RRTS; 82 किमी लंबी दिल्ली के सराय काले खॉं को मेरठ के मोदीपुरम तक) कॉरिडोर तथा मेरठ मेट्रो (13 स्टेशन और 23 किमी लंबी) सहित प्रमुख बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया।





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

📌 **मुख्य बिन्दु:**

- **सेमीकंडक्टर निर्माण इकाई की आधारशिला:** यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (YEIDA), गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश।
- यह आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट (OSAT) सुविधा, इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड द्वारा मॉडिफाइड स्कीम फॉर सेमीकंडक्टर असेंबली, टेस्टिंग, मार्किंग और पैकेजिंग (ATMP) योजना के तहत् स्थापित की जा रही है।
- **कुल निवेश:** यह सेमीकंडक्टर विनिर्माण सुविधा HCL और Foxconn के बीच एक संयुक्त उद्यम है, जिसमें लगभग ₹3,700 करोड़ का अनुमानित निवेश शामिल है।
- **महत्त्व:** यह परियोजना घरेलू विनिर्माण क्षमताओं को मजबूत करने, आयात पर निर्भरता कम करने और मजबूत ग्लोबल सप्लाई चेन बनाने के सरकार के प्रयासों के अनुरूप है।
- इस परियोजना से घरेलू चिप उत्पादन क्षमता बढ़ने, रोज़गार सृजन होने और इलेक्ट्रॉनिक्स पारितंत्र में सहायक उद्योगों को आकर्षित करने की संभावना है।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR